भास्कर सीरीज: 7 दिन...7 रामायण
अपनी-अपनी रामकथा : अंतिम

जैन रामायण... इस ग्रंथ 'पउमचरिय' (पद्मचरित) की रचना महान जैन आचार्य विमलसूरि जी ने लगभग तीसरी से चौथी सदी में की थी। इसमें सीताजी के दीक्षा लेने जैसे कई नए प्रसंग हैं...

जैन रामायण: जनक की पत्नी विदेही के गर्भ से पैदा हुईं सीता; रावण के प्राण बचाने के लिए विभीषण ने दशरथ-जनक को मारने की प्रतिज्ञा ली थी

प्रसंग-1: सीता का जुड़वां भाई था भामंडल

राजा जनक की पत्नी विदेही ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। पुत्र का नाम भामंडल और पुत्री का सीता रखा गया। मगध पुत्र को हर लिया गया, जो दैववेग से चंद्रपुर के राजा चंद्रध्वज के घर पहुंच गया। जब सीता विवाह योग्य हुई तो जनक को उनके लिए वर की चिंता सताने लगी। तभी जनक के राज्य पर दैत्यों ने हमला कर दिया। जनक ने राजा दशरथ की मदद मांगी। तब श्रीराम ने उन दैत्यों का नाश किया। यह देख जनक ने अपनी पुत्री का विवाह राम से करने का प्रस्ताव रख दिया। उधर, नारद ने भामंडल को सीता का चित्र दिखाकर उससे विवाह के लिए आतुर कर दिया। चंद्रध्वज ने जनक को हर लिया और सीता से अपने पुत्र के विवाह का प्रस्ताव रखा। जनक ने कहा कि मैं राम को वचन दे चुका हूं। तब चंद्रध्वज ने उन्हें दो धनुष दिए और कहा कि यदि राम प्रत्यंचा चढ़ा दें, तभी विवाह कर सकते हैं।

– चौथे सर्ग में इसका वर्णन मिलता है।

प्रसंग-2: दशरथ की मूर्ति का सिर काटा

रावण ने एक बार सभा में बैठे हुए किसी ज्योतिषाचार्य से पूछा- मेरी मृत्यु कैसे होगी? उसने कहा- भविष्य में होने वाली जनक राजा की कन्या जानकी और भविष्य में होने वाले राजा दशरथ के पुत्र राम के हाथ से तुम्हारी मृत्यु होगी। तभी विभीषण ने कहा- मैं जनक और दशरथ को मार डालूंगा। सभा में बैठे नारद ने यह वृत्तांत जाकर दशरथ को बता दिया। दशरथ और जनक राज्य का भार मंत्रियों को सौंपकर योगी की तरह समय बिताने के लिए जंगलों में चले गए। शत्रु को धोखे में डालने के लिए मंत्रियों ने दशरथ की एक मूर्ति बनवाकर एक अंधेरी जगह में रखवा दी। क्रोधग्रस्त विभीषण जब अयोध्या आए तो उन्होंने दशरथ समझकर अपनी तलवार से उस मूर्ति का सिर अलग कर दिया। दशरथ को मरा समझकर विभीषण यह सोचकर लंका लौट गया कि अकेले जनक से क्या हो सकता है?

– चौथे सर्ग में इसका उल्लेख किया गया है।

प्रसंग-3: लक्ष्मण ने रावण का वध किया

रावण युद्ध के लिए उतरा तो जैसे वायु रुई को उड़ा देती है, उसी तरह राक्षस वीरों को मार से हटाकर लक्ष्मण उस पर बाण वर्षा करने लगे। रावण ने बहुरूपिणी विद्या का आह्वान किया और अपने कई भयंकर रूप बना लिए। लक्ष्मण ने भूमि में, आकाश में, अगल-बगल में, आगे-पीछे शस्त्र वर्षा करते हुए अनेक रावण देखे। लक्ष्मण एक हो थे, लेकिन गरुड़ पर बैठकर शीघ्रतापूर्वक बाण चलाते हुए ऐसे जान पड़ते थे, मानो रावण के जितने ही लक्ष्मण भी हों। घबराए रावण ने चक्र का स्मरण किया और लक्ष्मण पर छोड़ दिया। वह चक्र लक्ष्मण के चारों ओर चक्कर लगाकर उनके दाहिने हाथ में आ गया। लक्ष्मण ने उसी चक्र से रावण की छाती पर वार कर दिया। चक्र ने रावण के हृदय को चीर दिया और उसकी मृत्यु हो गई। देवताओं ने आकाश से जय-जयकार करते हुए पुष्प वर्षा की।

– रावण वध का यह वृत्तांत सातवें सर्ग में है।

प्रसंग-4: जब सीताजी ने दीक्षा ग्रहण की

अग्निपरीक्षा के लिए सीता जैसे ही अग्निकुंड में कूदीं तो आग बुझ गई और वह कुंड स्वच्छ जल से भर गया। उस समय लक्ष्मण, विभीषण और सुग्रीव आदि वीरों ने आकर सीता को नमस्कार किया। श्रीराम भी उनके पास आए और हाथ जोड़कर कहा- हे देवी! मुझे क्षमा करें। सीताजी ने कहा- इसमें आपका कोई दोष नहीं, ये मेरे पूर्व कर्मों का ही दोष है। अतः दुख के चक्कर में डालने वाले कर्मों से छुटकारा पाने के लिए मैं दीक्षा ग्रहण करूंगी। सीता ने अपने हाथों से अपने केश निकालकर राम को दे दिए। यह देखकर राम को मूर्च्छा आ गई। जब वे मूर्च्छा से उठे तो लक्ष्मण ने बताया कि आपकी प्रिया सीता ने यहां से जाकर जयभूषण मुनि के पास दीक्षा ले ली। यह सुनकर राम ने कहा- सीता ने यह बहुत उत्तम कार्य किया। तत्पश्चात राम जयभूषण मुनि के पास गए और दीक्षा का ज्ञान लिया।

– 9वें व 10वें सर्ग में जैसा वर्णन है।

Diya ka ghar pyaara lage
Amul
Happy Diwali
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!

जिंदगी में रोशनी • 44.98 करोड़ खर्च होंगे

3 जिलों के 10,800 आदिवासी परिवारों के घर पहुंचेगी बिजली

सतीश याठवा | बिलासपुर

बिलासपुर, मुंगेली और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले 10,800 आदिवासी परिवारों के घरों तक बिजली पहुंचाई जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 44.98 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। तीनों जिलों के 1319 गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए नए खंभे, ट्रांसफॉर्मर और विद्युत लाइन बिछाई जा रही है। अब तक करीब 50% लक्षित घरों में बिजली कनेक्शन देने का काम पूरा हो चुका है। योजना के तहत उन दूरस्थ गांवों और मजरे-टोलों तक बिजली पहुंचाई जा रही है, जहां अब तक विद्युत सुविधा नहीं थी। इसके साथ ही कम वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए भी अधोसंरचना विकसित की जा रही है। अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2024 को हुई थी। बिलासपुर जिले के 471 गांवों में 4 हजार परिवारों को बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से करीब 2 हजार घरों में कनेक्शन दिए जा चुके हैं। पहले चरण में कोटा, लखतपुर और मस्तुरी विकासखंड के 122 गांवों को चयनित किया गया है। सीएसपीडीसीएल की प्रोजेक्ट शाखा की निगरानी में केआरसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड काम कर रही है।

बिजली पहुंचने से वनांचल के बच्चों को शाम और रात में पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा उपकरणों के संचालन और दवाइयों के सुरक्षित भंडारण में मदद मिलेगी। इसके अलावा कृषि पंप, छोटे उद्योग और मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं भी खुलेंगी। इन जिलों की यह है स्थिति बिलासपुर में 471 गांव में 4000 परिवार रहते हैं। जबकि मुंगेली में 582 गांवों में 4000 परिवार निवास करते हैं। मरवाही जिला में 266 गांव है, जहां 2900 परिवार निवास करते हैं।

केंद्र सरकार की योजना के तहत तीनों जिलों में बैगा आदिवासी परिवारों के घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए खंभे लगाने और केबल बिछाने का काम किया जा रहा है। अब तक करीब 50% काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है।

–सुरेश जांगड़े, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग

चुनाव • पीएम लक्सन के दल को सबसे ज्यादा सीटें

न्यूजीलैंड में सत्ताधारी गठबंधन को 67... विपक्ष को 56 सीटें

रॉयटर्स से भाषी खबरदारी लो रिपोर्ट

न्यूजीलैंड के संसदीय चुनाव में सत्ता की तस्वीर साफ नहीं हुई है। शनिवार को 94% मतों की प्रारंभिक गिनती पूरी होने के बाद पीएम क्रिस्टोफर लक्सन की नेशनल पार्टी 42 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्षी लेबर पार्टी को 35 सीटें मिली हैं। हालांकि, दोनों पार्टियां 130 सदस्यों वाले सदन में 68 सीटों के बहुमत के आंकड़े से दूर हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन की 3 पार्टियों ने मिलकर 67 सीटें हासिल की हैं, जबकि वामपंथी खेमे को 56 सीटें मिली हैं। अभी 3,000 विशेष मतों की गिनती बाकी है। अंतिम नतीजे 27 नवंबर को घोषित होंगे। इस बीच सरकार बनाने के लिए बातचीत होगी।


पीएम लक्सन

भारत से रिश्तों पर भी चुनाव का असर: प्रधानमंत्री लक्सन ने एक साल में भारत के साथ व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध मजबूत करने को प्राथमिकता दी है। लेकिन नई सरकार में न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी (12 सीटें) की भूमिका अहम हो सकती है। यह पार्टी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते में आव्रजन और छात्र वीसा से जुड़े प्रावधानों का विरोध करती रही है। ऐसे में नई सरकार का स्वरूप भारतीय छात्रों, कर्मचारियों और व्यापारिक संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन में शामिल इस पार्टी को प्रारंभिक अनुमान में 12 सीटें मिल रही हैं। पार्टी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में आव्रजन से जुड़े प्रावधानों का विरोध करती रही है।

16 भारतवंशी मैदान में थे केवल महेश की जीत तय

चुनाव में भारतीय मूल के 16 उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन ज्यादातर को निराशा हाथ लगी है। नेशनल पार्टी के महेश मुरलीधर ऑकलैंड की तमाकी सीट पर बड़ी जीत की ओर हैं। वे पार्टी के पहले भारतवंशी नेता बन सकते हैं, जो सीधे निर्वाचन क्षेत्र से जीतकर संसद पहुंचेंगे। इससे पहले कंवलजीत सिंह बख्शी और प्रगजीत पसारा पार्टी सूची के जरिए सांसद बने थे।

वितांबर 2026 में संसद ने एफटीए से संबंधित संशोधन विधेयक 93 के मुकाबले 29 वोटों से पारित किया था। न्यूजीलैंड फर्स्ट ने इसके खिलाफ मतदान किया था। गठबंधन में मतभेद के कारण सरकार को विपक्षी लेबर पार्टी का समर्थन लेना पड़ा था। न्यूजीलैंड फर्स्ट की अपील तीन प्रमुख प्रावधानों पर रही है

कपूरथला में बनी 16 कोच की वंदे भारत को सशर्त मंजूरी

वंदे भारत... ट्रायल में 180 की स्पीड, मंजूरी मिली 160 की ही

भास्कर ब्रेकिंग

शिवांग चतुर्वेदी | जयपुर

देश में वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण बढ़ रहा है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) के बाद अब कपूरथला की रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) में भी ट्रेनसेट बनने लगे हैं। यहां तैयार 16 कोच की पहली अल्ट्रामॉ प्रोपल्शन सिस्टम वाली वंदे भारत चेयर कार को रेलवे बोर्ड ने अधिकतम 160 किमी/घंटा की रफ्तार से चलाने की सशर्त मंजूरी दी है। जबकि इसी माह मथुरा-नागदा सेक्शन पर ट्रेन 180 किमी/घंटा की रफ्तार से ट्रायल पूरा कर चुकी है। इसके बावजूद बोर्ड ने सुरक्षा से जुड़े कई सुधार जरूरी बताए हैं।

मोटर की समीक्षा होगी

रेलवे के सीनियर मैकेनिकल इंजीनियर और एम रेलवे के एडिशनल जीएम नितिन के अनुसार, नई ट्रेन में 270 किलोवाट की ट्रैक्शन मोटर है। पेंथा प्रोपल्शन वाली वंदे भारत में 210 और सीमेंस वाली ट्रेन में 225 किलोवाट की मोटर है। रेलवे बोर्ड ने आरडीएसओ और आरसीएफ को मोटर क्षमता के अंतर की समीक्षा करने को कहा है। इलेक्ट्रिकल कंट्रोल कैबिनेट में लगे सिंगल-पोल मिनिएचर सर्किट ब्रेकर पर भी चिंता जताई है। मौजूदा रैक में सुधार और भविष्य के ट्रेनसेट में डबल-पोल एमसीबी लगाने के निर्देश दिए हैं।

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर
100% पैसा वापसी
only at
ANAND
Polki
Malviya Nagar

86th ALL INDIA INDUSTRIAL EXHIBITION
NUMAISH - 2027 1st January to 15th February, 2027
Organised by EXHIBITION SOCIETY, Hyderabad.
Nampally, Hyderabad-500 001. TS. Ph: 040-2466 3015/3553, Fax: 2460 8580
www.exhibitionsociety.com | email: info@exhibitionsociety.com
25 LAKHS Visitors
The only annual event in India where you can EXHIBIT and SELL your products
Launch your products and see their sales jump in
• Automotives •Banking, Financial Services & Insurance •Beauty & Healthcare •Building Materials & Real Estate •Crockery & Chinaware •Electronic & Electrical Appliances •Export/ Imported Products •Fashion/Garments/Textiles •Food Products •Government Departments •Handloom & Handicrafts •Home Appliances/Decor/Development •Jewellery •Leather Goods •Sports & Recreation Goods •and many more
Make the most of fabulous sales opportunity book your space now
Registration Fee (Non-Refundable) Rs. 1,000/-
Last date for submission of Stall Application Forms: 15-11-2026
For Enquiries and Application Forms please contact: Office of The Honorary Secretary, Exhibition Society, Exhibition Grounds, Mukarramjah Road. Hyderabad-500001. or Downloadfromwww.exhibitionsociety.com
Sd/-
E. RAJENDER KUMAR
Hon. Secretary, Exhibition Society, Hyd.

राज्य-केंद्र की लिखित शिकायत के बिना नोटरी पर केस नहीं चलेगा

भास्कर न्यूज | शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने फर्जी लोन दस्तावेजों को सत्यापित करने के आरोपी नोटरी पब्लिक के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नोटरी एक्ट, 1952 की धारा 13 के तहत केंद्र या राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी की लिखित शिकायत के बिना किसी नोटरी के खिलाफ अदालत संज्ञान नहीं ले सकती। याचिकाकर्ता शिमला में नोटरी पब्लिक हैं। उन पर सफाई कर्मचारियों को अल्पवकालिक ऋण देने की एक योजना के तहत कई व्यक्तियों के फर्जी हलफनामे और गारंटी डीड सत्यापित करने का आरोप था। लोन डिफॉल्ट होने के बाद जांच में पता चला कि कई गारंटर संबंधित पते पर रहते ही नहीं थे। उनके हस्ताक्षर और विचरण प्रमुखों के प्रमाण पत्र भी फर्जी पाए गए। कुछ गवाहों ने बताया कि वे कभी नोटरी के सामने पेश ही नहीं हुए थे।

नोटरी ने कहा- दस्तावेजों का सत्यापन मेरा आधिकारिक कार्य

शिमला की विशेष अदालत ने 21 मई 2022 को नोटरी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए नोटरी ने दलील दी कि उनके खामने पेश किए गए दस्तावेजों को सत्यापित करना उनका आधिकारिक कार्य है।

पहचान गलत होने पर इसकी जिम्मेदारी पहचान कराने वाले की होती है। साथ ही, नोटरी एक्ट की धारा 13 के तहत पुलिस रिपोर्ट के आधार पर सीधे संज्ञान नहीं लिया जा सकता। न्यायाधीश राकेश कैथला ने याचिका स्वीकार करते हुए निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि नोटरी को उनके आधिकारिक कार्यों के लिए कानूनी संरक्षण मिलना जरूरी है। नोटरी हर व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से नहीं जान सकता और न ही दस्तावेजों के पीछे की वास्तविकता की जांच करना उसका दायित्व है।

रायपुर-बिल्हा को मिलेगा स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान

भास्कर न्यूज | रायपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में तीनों शहरों को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है।समारोह में प्रत्येक शहर से चार प्रतिनिधि सम्मान ग्रहण करेंगे। इनमें सफाई मित्रों, स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों और अभियंताओं को भी शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर तीनों शहरों के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों और सफाई मित्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सफाई मित्रों की मेहनत और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।

BOPARAI SINCE 1986
समी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सच्चा साथी - बोपाराय मोटर स्टार्टर
Low Maintenance | Microprocessor Technology | Superior Motor Protection
CUSTOMER CARE 96537-16666
Boparai Electricals & Electronics, Punjab - 141416
www.boparai.in | info@boparai.in | 96537-28388

बैंक ऑफ़ इंडिया
आंचलिक कार्यालय: छांया अंचल
ए. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आगर नगर, आगर (म.प्र.) 450091
ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना
(ई-नीलामी तिथि 26.11.2026, समय: 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)
हमारी शाखा द्वारा ऋण लिये गये वाहनों का जो नीचे है जहां है जो है आधार पर निम्नित द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

क्र.	शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम	वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु में) धरोहर राशि (रु में)
1	शाखा नर्मदापुरम इंदौर मुख्य पीला पुल रेसेस गीना	Hyundai Grand I10 Sports 1.2 MP MT CRDI 1416 - (2019)	Rs. 2,56,500/- Rs. 25,650/-

बोलीवृद्धि राशि रु 5,000.00

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें : 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक विविद प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जावर देय सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का चेहराक के सम्मान में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली सीयकर करने के बाद बोलीकृत मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि वे पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। बयाना उसकी बयाना राशि जमा कर ली जायेगी। 5. क्रमपूरक कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस कार्य हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत, जनरल बोलीकर्ता की दशा में बयानराशि का क्रय मूल्य में समायोजन कर लिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. यह सम्पत्ति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इसकी बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का दोष आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अथोरिटाशनरसर्च के पास रू-विक्रेय में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री की स्थगित करने, टालने या रद्द करने अथवा बिक्री की शर्तों में संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि स्थान और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशासन, ड्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र महिष्य में अंदावार के सम्बन्ध से प्रकाशित नहीं किया जायेगा एवम् इसका बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाइट से संज्ञान लेंगे। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया के अंतिम दिवस के कार्यालयी नहीं बोली हाल समयें। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को सुरक्षा आईटी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता के निर्धारण है कि सुरक्षा आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उसका बोली राशि में न्यूनतम एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा प्रिक्रया निरस्त/स्थगित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्रतीक्षुत अधिकारी वह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ..... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अतिक्रमण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थान: खण्डवा
दिनांक: 07.11.2026

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक,
बैंक ऑफ़ इंडिया

कार्यालय नगर पालिका निगम धमतरी, जिला - धमतरी (छ.ग.)
Email ID -commissionerdhamtar@gmail.com, Phone/Fax : 07722-241519
-:: ई-प्रोक्युरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
क्रमांक/ कार्या.अधि./ जलप्रदाय शाखा / ई निविदा/2026/1544 धमतरी, दिनांक 27/10/2026
टेण्डर डिस्प्ले नम्बर 202646
नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जलप्रदाय वार्ड क्रं 17 में ओव्हर हेड टैंक (ESR) क्षमता 1450KL ऊंचाई 15 मीटर निर्माण कार्य (अनुमानित लगत राशि 124.24 लख रू.) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्राप्तकर्ता अंतर्गत सक्षम श्रेणी में एवं Main portal :eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत ठेकेदारों से छत्तीसगढ़ के पी.एच.ई. एस.ओ. आर 01.06.2020 अनुसार कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में दिनांक 18/11/2026 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।
उपरोक्त कार्य का निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में नियम कार्यालय के जाल प्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल Main portal : eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

इंडियनऑयल
CIN-L19201MH1959GOI011388
IndianOil
विपणन प्रभाग — मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय
सार्वी स्टॉकिस्ट – रीसेलर की नियुक्ति के लिए सूचना

एनआईटी नंबर / निधुक्ति का नाम	आवेदन की अवधि
एनआईटी नंबर MPSO/Lubes/2026-27/10 निम्नलिखित स्थानों पर सार्वी स्टॉकिस्ट–रीसेलर की नियुक्ति	आवेदन दस्तावेज प्रकाशित और डाउनलोड की शुरुआत 08.11.2026, 10:00 बजे से होगी। पीलिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 28.11.2026, 16:00 बजे तक।

क्र.सं.	स्थान	राजस्व जिला	राज्य	ऑपरेशन की टेरिटरी
1	इंदौर III	इंदौर	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश के अंतर्गत इंदौर जिले की बिलौली छपी एवंसुकेल तहसीलें

किसी भी और जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए कॉन्टैक्ट डिटेल्स पर हमारे संबंधित लोकल सेल्स एग्जीक्यूटिव से संपर्क करें:

क्र.सं.	स्थान	कार्यकारी का नाम	संपर्क नंबर	ईमेल
1	इंदौर	श्री परितोष जोशपाल	9425060029	kotwalp@indianoil.in

इच्छुक उम्मीदवार https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp से आवेदन पत्र और विज्ञापनडिटेल डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सदा हुआ आवेदन पत्र, समापन तिथि और समय या उससे पहले एनआईटी में उल्लिखित पते पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो इसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् भिण्ड, जिला - भिण्ड (म.प्र.)
क्रमांक/ई-टेण्डरिंग/निर्माण/ 2026 / 673
ई-निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति
भिण्ड, दिनांक: 04.11.2026
2026_UAD 548020
समस्त केन्द्रीयकृत पंजीयनधारी ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् भिण्ड को निम्नांकित कार्य के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के चालू सी. एस. आर. दिनांक 08 नवम्बर, 2025 की अनुसूची से प्रतिशत दर आधार पर (फार्म 2.10 पर) https://auptenders.gov.in पर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	निविदा आमंत्रण का प्रकार	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य अवधि
1.	1st call	निकाय क्षेत्रांतर्गत रछेड़ी ट्रचिंग ग्राउण्ड के लिए मैन रोड से ट्रेचिंग ग्राउण्ड तक चौटी रोड निर्माण कार्य।	11096400/-	55500/-	12500/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन	04 माह

शर्तें :-
1. टेण्डर फार्म दिनांक 06-11-2026 समय 11:00 बजे से दिनांक 04-12-2026 को समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं।
2. निविदाएं (Bid Submission and date दिनांक 04-12-2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती हैं।
3. प्राप्त निविदाओं का Mandatary Submission Envelope A दिनांक 07-12-2026 को समय दोपहर 12:30 बजे के बाद खोला जायेगा तथा Financial Bid Envelope -C दिनांक 07-12-2026 को 15:00 बजे के बाद खोला जायेगा।
4. निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी http://www.ptenders.gov.inपर या कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

वर्षा अमित वाल्मीकि
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र.)

वीरेन्द्र चक्रवर्ती
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र.)